cerned State Governments/Union Territory Administrations.

(b) A statement on the number of cases registered during the last 3 years is enclosed. [*See* Appendix CLXIV, Annexure No. 75).

(c) The Government is reviewing the provisions of the existing laws relating to women with a view to strengthening them. These include the Dowry Prohibition Act, the Commissions of Sati bition Act, the Commission of Sati tation of Women (Prohibition) Act and the Immoral Traffic (Prevention) Act.

**हिन्दी-शिक्षण योजना के अंतर्गत ली जाने वाली परीक्षाओं में अनियमितताएं**

4460. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दी शिक्षण योजना के सहायक निदेशक (आशुलिपि-टंकण) को हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत ली जाने वाली परीक्षाओं के लिए परीक्षक और निरीक्षक नियुक्त किया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) सरकार किस प्रकार से यह सुनिश्चित करती है कि नकल की रोकथाम की जाए ; और

(घ) क्या सरकार आशुलिपि-टंकण परीक्षाओं के लिए विभागेतर विशेषज्ञों को नियुक्त करने का विचार रखती है ताकि इस गड़बड़ी को रोका जा सके और इस योजना का वास्तविक उद्देश्य प्राप्त किया जा सके ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब)** : (क) और (ख) विभिन्न विभागों में कार्यरत अनुभव हिन्दी आशुलिपिकों के अतिरिक्त सहायक निदेशक/टंकण/आशुलिपि को भी उत्तर पुस्तिकाएं जांचने का कार्य दिया जाता है परन्तु किसी भी सहायक निदेशक को उसी के केन्द्र की उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए नहीं दी जाती । सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि) सामान्य रूप से निरीक्षक अथवा केन्द्र अधीक्षक नियुक्त नहीं किए जाते ।

(ग) और (घ) परीक्षाओं के आयोजन का दायित्व केन्द्र अधीक्षकों तथा निरीक्षकों का होता है जो अन्य विभागों के जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी होते है । सहायक निदेशकों टंकण/आशुलिपि) को ये दायित्व सामान्यतः नहीं दिए जाते ।

**राजभाषा विभाग द्वारा शिक्षण-कार्य**

4461. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दी शिक्षण योजना के उपनिदेशक द्वारा सहायक निदेशकों को इसके लिए बाध्य किया जा रहा है कि वे केवल "मानक आशुलिपि" ही पढ़ाएंगे ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) इस संबंध में मार्गनिर्देश क्या है ; और

(घ) क्या राजभाषा विभाग अपने अनुदेशकों को कर्मचारियों में द्विभाषी कुशलता लाने हेतु उनको बेहतर पुस्तकों के माध्यम से पढ़ाने के लिए निर्देश देगा ताकि इस योजना के उद्देश्यों को सही रूप में पूरा किया जा सके ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब)** : (क) से (ग) नहीं, श्रीमान । सरकार द्वारा कर्मचारियों को हिन्दी आशुलिपि प्रशिक्षण देने के लिए